संख्या-37/308/47-का-3-2014-9/129/2012

प्रेषक,

पी0बी0 सिंह

अनु सचिव

उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

महानिदेशक

उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबन्धन अकादमी

सेक्टर-डी, अलीगंज, लखनऊ।

कार्मिक अनुभाग-3 **लखनऊ : दिनांक : 03 मार्च, 2014**

विषय- वित्तीय वर्ष 2013-2014 के अन्तर्गत व्यय हेतु अवशेष द्वितीय छमाही के लिए सेंटर फार गुड गवर्नेन्स उत्तर प्रदेश को वित्तीय स्वीकृति प्रदान किए जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त के संबंध में प्रेषित निदेशक, उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबन्धन अकादमी के पत्र संख्या-सी.जी.जी./बजट/1921, दिनांक 07.02.2014 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- उक्त के संबंध में आपसे यह कहने का मुझे निदेश हुआ है कि प्रश्नगत प्रकरण में वित्त विभाग द्वारा यह संविक्षा की गयी है कि प्रशासकीय विभाग यह सुनिश्चित हो लेगें कि प्रथम किश्त का सदुपयोग हो गया है। वित्त विभाग द्वारा की गयी उक्त संवीक्षा के क्रम में यह अवगत कराने का कष्ट करें कि वर्तमान वित्तीय वर्ष के प्रथम छः माह के व्यय हेतु उपशीर्ष-20 -सहायता अनुदान-सामान्य (गैर वेतन) के मद में शासन द्वारा पूर्व में अवमुक्त की गयी धनराशि का उपयोग हो गया है। उक्त के संबंध में अद्यावधिक स्थिति से शासन को तत्काल अवगत कराने का कष्ट करें तथा तदविषयक उपयोगिता प्रमाण-पत्र भी उपलबध करायें।

भवदीय

(पी0बी0 सिंह)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in